एक नजर में

मणिपुर में नगा गांव पर हमला, नौ घर जलाए

इंफाल : मणिपुर के कांगपोकपी जिले में एक नगा गांव पर हुए हमले में कम से कम नौ घर जलाए गए। नगा संगठनों का दावा है कि इस आगजनी में एक चर्च को भी आग के हवाले किया गया है। घटना मंगलवार रात लगभग 9:30 बजे टोकपा लियांगमाई नगा गांव में हुई। वर्दीधारी सशस्त्र लोगों ने स्वचालित बंदूकों से पहले अंधाधुंध गोलीबारी की और फिर उसके बाद गांव के नौ घरों को जला दिया। (प्रेट्र)

पिटबुल का दंपती पर हमला

पटियाला : कोठी देखने गए दंपती पर बुधवार को पिटबुल कुत्ते ने हमला कर दिया। वह दंपती को करीब तीन मिनट तक काटता रहा और वे बचने की कोशिश करते रहे। शोर सुनकर आसपास के लोग लाठी-डंडे लेकर बाहर आए और दंपती को छुड़ाया। घायल दंपती को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। कुत्ते ने महिला को 14 बार, जबकि उसके पति को 12 बार काटा। महिला की बाजू पर सर्जरी की गई है। (जासं)

मुंबई में भारी वर्षा से हादसों में आठ लोगों की जान गई

मुंबई : मुंबई महानगर क्षेत्र में भारी वर्षा के बीच बुधवार को अलग-अलग स्थानों पर हादसों में आठ लोगों की मौत हो गई। घाटकोपर में भूस्खलन व पालघर जिले के वसई क्षेत्र में जर्जर मकान का हिस्सा गिरने से ये मौतें हुईं। घाटकोपर स्थित चिराग नगर के अशोक नगर में बुधवार तड़के करीब 3.48 बजे पहाड़ी से मिट्टी और मलबा खिसककर गौशिया चाल के दो से तीन मकानों पर आ गिरा। इस दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य घायल हो गए। वहीं, पालघर जिले के वसई क्षेत्र में एक जर्जर मकान का हिस्सा गिरने से 71 वर्षीय शशिकला अरुण पाटिल की मौत हो गई। (राब्यू)

टाटा संस के चेयरमैन का पद छोड़ेंगे एन. चंद्रशेखरन

टाटा समूह के इतिहास में पहले गैर-पारसी चेयरमैन हैं चंद्रशेखरन, 20 फरवरी को कार्यकाल पूरा करने के बाद पद से हटेंगे

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : पहले से ही कई तरह के विवादों में फंसे टाटा संस के प्रवर्तकों को अब नए चेयरमैन की नियुक्ति का काम करना होगा। टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा के साथ अपनी पुनर्नियुक्ति के लेकर जारी तनाव के चलते टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बुधवार को अपना पद छोड़ने की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि वह 20 फरवरी, 2027 को अपना वर्तमान कार्यकाल खत्म होने के बाद पुनर्नियुक्ति का प्रस्ताव नहीं करेंगे। **टाटा समूह में 40 वर्ष बिताने वाले चंद्रशेखर ने बोर्ड को सूचित किया है कि वह पद से हट जाएंगे और जल्द ही उनका उत्तराधिकारी तय कर लिया जाए।** वर्ष 2017 में चंद्रशेखर टाटा समूह के 149 वर्ष पुराने इतिहास में पहले गैर-पारसी और टाटा परिवार से बाहर के चेयरमैन बनाए गए थे और लगातार दो कार्यकाल तक चेयरमैन रहे। हालांकि, हाल के दो वर्षों में टाटा समूह के प्रमुख प्रवर्तकों के बीच चंद्रशेखरन को लेकर कई तरह के विवाद सामने आए हैं।

टाटा संस, टाटा समूह की मुख्य निवेशक होल्डिंग कंपनी और प्रमोटर है। यह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स और एअर इंडिया समेत 30 से अधिक कंपनियों को नियंत्रित करती है। टाटा ट्रस्ट्स के पास टाटा संस की लगभग 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जिससे समूह के कामकाज पर इस संस्था का अहम असर रहता है। चंद्रशेखरन के कार्यकाल विस्तार को लेकर सितंबर, 2025 से समूह के भीतर विवाद चल रहा है। तब समूह के दो प्रमुख प्रवर्तक संगठनों सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट की तरफ से चंद्रशेखरन के कार्यकाल को एकमुश्त पांच वर्ष के विस्तार की सर्वसम्मति से सिफारिश की गई थी। इन दोनों ट्रस्ट्स के पास मिलाकर टाटा संस की 51.54 प्रतिशत हिस्सेदारी है। टाटा संस की नामिनेशन एंड रिम्यूनरेशन कमेटी और बोर्ड ने भी इसे मंजूरी दी थी। लेकिन 24 फरवरी, 2026 की बोर्ड बैठक में एक सदस्य के विरोध के कारण प्रस्ताव पास नहीं हो सका। माना जाता है कि विरोध करने वाले सदस्य नोएल टाटा (टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन और टाटा संस के बोर्ड के सदस्य) थे। बोर्ड के अन्य सदस्यों ने चंद्रशेखरन का समर्थन किया था।

विवादों से जूझ रहे समूह के समक्ष नया चेयरमैन चुनने की चुनौती

एन. चंद्रशेखरन • फाइल

मैंने टाटा समूह में अपने पेशेवर जीवन के 40 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस प्रतिष्ठित संस्थान में योगदान देने का मौका मिलना मेरे लिए बेहद संतोषजनक रहा है और इसके लिए मैं आभारी हूं।

-एन. चंद्रशेखरन

टाटा ग्रुप के शेयरों में गिरावट

चंद्रशेखरन के इस्तीफे की घोषणा के बाद टाटा ग्रुप के शेयरों में बुधवार को गिरावट आई। बीएसई पर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर 3.71 प्रतिशत, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स 2.44 प्रतिशत, टाटा एलेक्सी 2.23 प्रतिशत, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स 1.92 प्रतिशत और टाटा स्टील 1.57 प्रतिशत गिरे। रैलिस इंडिया का शेयर 0.95 प्रतिशत, ट्रेंट 0.86 प्रतिशत, टाटा पावर 0.53 प्रतिशत, इंडियन होटल्स कंपनी 0.52 प्रतिशत, टाटा कम्युनिकेशंस 0.37 प्रतिशत और टाइटन 0.18 प्रतिशत नीचे आया। इन कंपनियों के कुल बाजार मूल्यांकन में 45,615.67 करोड़ रुपये की कमी आई, जिसमें अकेले टीसीएस को 32,743.69 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

चंद्रशेखरन के नौ वर्ष के कार्यकाल में टाटा समूह

- 2022 में एअर इंडिया का अधिग्रहण कर इसे 69 वर्ष बाद टाटा समूह में वापस लाए।
- एअर इंडिया, विस्तारा व अन्य एयरलाइनों का विलय कर एविएशन बिजनेस को मजबूत किया।
- सेमीकंडक्टर, ईवी बैटरी, इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरिंग जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में बड़े निवेश।
- टाटा डिजिटल के तहत बिग बास्केट, 1एमजी जैसे डिजिटल प्लेटफार्म मजबूत हुए।
- टाटा टी और टाटा केमिकल्स के कंज्यूमर बिजनेस को मिलाकर उपभोक्ता उत्पादों पर नया जोर।
- समूह की कई कंपनियों ने कर्ज घटाने की रणनीति अपनाई।

सीबीएसई 12वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा में 53.08 प्रतिशत विद्यार्थी पास

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : सीबीएसई ने बुधवार को 12वीं कक्षा की सप्लीमेंट्री परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। परीक्षा देने वाले विद्यार्थी अपना परिणाम डिजिलाकर के साथ सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। परिणाम जारी होने के साथ उन विद्यार्थियों को राहत मिली है, जिन्हें मुख्य बोर्ड परीक्षा में अपेक्षित अंक नहीं मिल पाए थे। **सीबीएसई के अनुसार, सप्लीमेंट्री परीक्षा के लिए कुल दो लाख 91 हजार 576 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इसमें दो लाख 75 हजार 287 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी।** इनमें 53.08 प्रतिशत विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है।

परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों को तीन श्रेणियों में रखा गया था। इनमें कंपार्टमेंट, अंक सुधार (इंप्रूवमेंट) और छह विषयों वाले विद्यार्थी शामिल थे। आंकड़ों के अनुसार, एक लाख 64 हजार 231 विद्यार्थी कंपार्टमेंट परीक्षा में शामिल हुए। वहीं, एक लाख 11 हजार 56 विद्यार्थियों ने इंप्रूवमेंट की परीक्षा दी। तीसरी श्रेणी में ऐसे विद्यार्थी शामिल थे, जिन्हें छह विषयों के आधार पर उत्तीर्ण घोषित किया गया था, लेकिन वे मुख्य विषय में दोबारा परीक्षा देकर अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहते थे। सीबीएसई ने 12वीं की सप्लीमेंट्री परीक्षा गत 28 जुलाई को कराई थी। परीक्षा देश के विभिन्न केंद्रों के अलावा विदेशों में भी आफलाइन माध्यम से पेन-पेपर प्रारूप में आयोजित की गई थी। मुख्य बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक हासिल नहीं कर पाने वाले विद्यार्थियों को इसमें शामिल होने का अवसर दिया गया था। विद्यार्थी परिणाम देखने के लिए अपना रोल नंबर, एडमिट कार्ड नंबर, स्कूल नंबर और सिक्योरिटी पिन दर्ज कर आनलाइन अंकपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। मुद्रित अंकपत्र और उत्तीर्ण प्रमाणपत्र संबंधित स्कूलों के माध्यम से विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाएंगे। विदेश में स्थित सीबीएसई स्कूलों के विद्यार्थी डिजिलाकर से अपने डिजिटल शैक्षणिक दस्तावेज प्राप्त कर सकेंगे।

गिग वर्कर्स एनपीएस में सिर्फ 99 रुपये के निवेश से शुरू कर सकते हैं पेंशन की प्लानिंग

नई दिल्ली, आइएएनएसः बुढ़ापा सम्मानजनक तरीके से कटे इसके लिए गिग वर्कर्स मात्र 99 रुपये के एनपीएस में निवेश शुरू कर सकते हैं। एनपीएस में योगदान की कोई न्यूनतम या अधिकतम सीमा नहीं है। इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए गए एक पोस्ट में पीएफआरडीए ने कहा, "आपका काम आपकी अगली बुकिंग पर निर्भर हो सकता है, लेकिन आपका रिटायरमेंट ऐसा नहीं होना चाहिए।"

पीएफआरडीए ने गिग और प्लेटफार्म वर्करों को एनपीएस फ्रेमवर्क के दायरे में लाने के लिए 29 अक्टूबर, 2025 के एक सर्कुलर के जरिये एनपीएस ई-श्रमिक माडल पेश किया था। यह माडल उन लोगों के लिए है जो सर्विस कांट्रैक्ट के तहत डिजिटल प्लेटफार्म के जरिये यूजर को सर्विस देते हैं।

25 साल की उम्र में 99 रुपये महीने का निवेश

मान लीजिए अगर कोई 25 साल की उम्र में एनपीएस में हर महीने 99 रुपये के निवेश से शुरुआत करता है और वह 35 साल तक इसे जारी रखता है। इस दौरान उसका कुल निवेश 41,580 होगा। अगर निवेश पर औसतन 12% सालाना रिटर्न मानें, तो 35 साल बाद उसका अनुमानित रिटायरमेंट कार्पस करीब 5.45 लाख हो सकता है। इसमें करीब 5.03 लाख कंपाउंडिंग से मिलने वाला अनुमानित लाभ होगा। दिए गए अनुमान के मुताबिक, कार्पस का 60% यानी करीब 3.27 लाख एकमुश्त निकाला जा सकता है, जबकि 40% यानी करीब 2.18 लाख एन्युटी खरीदने में लगाया जाएगा। अगर एन्युटी पर 6.50% सालाना रिटर्न माना जाए, तो इससे करीब 1,181 महीने की पेंशन का अनुमान बनता है।

जंतर-मंतर पर सीजेपी के धरना प्रदर्शन का 'सीजन-2' जल्द : दीपके

- सीजेपी संस्थापक ने जल्द ही एक और बड़े धरना प्रदर्शन का किया ऐलान
- बैठक के लिए बैंक्वेट हाल नहीं मिलने का उठाया मुद्दा भाजपा पर लगाए आरोप

अभिजीत दीपके • जागरण आर्काइव

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने बुधवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन की तर्ज पर जल्द ही एक और बड़ा धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा, जिसे उन्होंने 'जंतर-मंतर का सीजन-2' नाम दिया है। दीपके ने कहा कि इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर कई लोग लगातार पूछ रहे थे कि अगला आंदोलन कब शुरू होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'सीजन-2' बहुत जल्द शुरू होने वाला है।

दीपके ने इसके साथ ही दिल्ली में कार्यकर्ताओं की बैठक के लिए बैंक्वेट हाल नहीं मिलने का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि हाल मालिकों पर ऊपर से भारी दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि किसी तरह नारायणा में एक बैंक्वेट हाल का इंतजाम हुआ था, जिसकी बुकिंग हो गई थी, लेकिन बुधवार को बैठक की सुबह ही हाल मालिकों को उल्टा लटका देने की धमकियां दी गईं। उन्होंने इस सब के पीछे भाजपा का हाथ बताते हुए कहा कि सरकार देश के युवाओं से डर रही है, लेकिन सीजेपी ऐसी गीदड़ भभकियों से घबराने वाली नहीं है। बता दें कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और अन्य मांगें माने जाने के बाद सीजेपी ने 25 जुलाई को अपना 37 दिनों से चला आ रहा आंदोलन स्थगित किया था।

देशभर में निकालेंगे 'लिसनिंग टूर'

सीजपी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ दास ने बताया कि पार्टी स्वतंत्रता दिवस से शिक्षा के मुद्दे को प्राथमिकता देते हुए देशव्यापी अभियान शुरू कर रही है। इसके तहत सीजेपी जनता की आवाज सुनने के लिए देशभर में 'लिसनिंग टूर' पर निकलेगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सीधे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना और संवाद स्थापित करना है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि इस नए चरण में भी शिक्षा का मुद्दा और छात्रों के हित उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहेंगे।

इंदिरा की हत्या के दोषी के बेटे को अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' ने दिया टिकट

जागरण संवाददाता, अमृतसर : अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के दोषी केहर सिंह के बेटे सतवंत सिंह को पटियाला जिले के बस्सी पठाना से विधानसभा टिकट दिया है। केहर सिंह को 1989 में फांसी दी थी। इसी तरह पार्टी ने 23 फरवरी 2023 को अमृतसर जिले के अजनाला थाने पर हुए हमले के दो आरोपितों को भी प्रत्याशी बनाया है। अजनाला विधानसभा सीट से दलजीत सिंह कलसी व मोगा विधानसभा सीट से गुरमीत सिंह बुक्कनवाला को उम्मीदवार बनाया है। दोनों एनएसए के तहत जेल में बंद हैं और खडूर साहिब से सांसद व पार्टी के अध्यक्ष अमृतपाल सिंह के करीबी हैं। अमृतपाल के पिता तरसेम सिंह ने बुधवार को पत्रकार सम्मेलन में कहा कि अमृतपाल भी जेल से ही चुनाव लड़ेगा और मुख्यमंत्री पद का चेहरा होगा।

काकपिट के फर्श पर पड़ा था पायलट को-पायलट ने संभाली विमान की कमान!

- फुकेट से दिल्ली आ रहे एअर इंडिया विमान के 300 फीट नीचे गिरने के दौरान सामने आया घटनाक्रम
- इस जानकारी ने हादसे को महज टर्बुलेंस से हटाकर काकपिट में भारी लापरवाही के केंद्र में लाकर किया खड़ा
- क्रू सदस्यों ने भी पायलट के गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार को लेकर एअर इंडिया प्रबंधन से की थी शिकायत

गौतम कुमार मिश्रा • जागरण

नई दिल्ली : थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की उड़ान (एआइ-2379) में जब आटो-पायलट बंद हुआ और विमान 300 फीट नीचे गिरा, तब मुख्य पायलट (पायलट-इन-कमांड) काकपिट के फर्श पर पड़े हुए थे। हालांकि, यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि वह झटके के कारण गिरे थे या अपनी शारीरिक अक्षमता के कारण। सूत्रों का कहना है कि इस गंभीर स्थिति के बीच को-पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए अकेले ही कमान संभाली और विमान को सुरक्षित दिल्ली में लैंड कराया। इस पूरे प्रकरण में एअर इंडिया से उनका पक्ष लेने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

जांच से जुड़ी इस जानकारी ने चार अगस्त को हुए हादसे को महज टर्बुलेंस की थ्योरी से हटाकर काकपिट में भारी लापरवाही के केंद्र में लाकर खड़ा कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में क्रू सदस्यों ने भी एअर इंडिया प्रबंधन से शिकायत की है। क्रू सदस्यों की शिकायत के अनुसार, उड़ान के दौरान पायलट-इन-कमांड का व्यवहार बेहद गैर-जिम्मेदाराना और असामान्य था। वह मानसिक रूप से विमान संभालने की स्थिति में नहीं थे। यह बात यात्रियों द्वारा विमान की लैंडिंग के बाद की गईं शिकायत (पायलट-इन-कमांड के व्यवहार) से भी मेल खाती है। यात्रियों ने पायलट के नशे में होने की आशंका पूरे यकीन के साथ जताई थी।

लैंडिंग के बाद ठीक से खड़े भी नहीं हो पा रहे थे पायलट : सूत्रों की माने तो लैंडिंग के बाद पायलट ठीक से खड़े भी नहीं हो पा रहे थे और एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआइबी) के जांच अधिकारी को यूरीन सैंपल जमा कराने के दौरान उन्हें सहारा देकर बैठाना पड़ा था। जांच में यह भी सामने आया है कि केबिन क्रू के एक सदस्य ने पायलट के खिलाफ उड़ान से पहले गांजा पीने की लिखित शिकायत दर्ज कराई है, हालांकि पायलट ने किसी भी नशीले पदार्थ के सेवन से इन्कार किया है।

यात्रियों से घटना की रिकार्डिंग न करने की अपील की

सूत्रों का यह भी कहना है कि विमान जब टर्बुलेंस से उबरा और नई दिल्ली की उड़ान पर था, तब मुख्य पायलट ने केबिन में जाकर घायलों का हालचाल पूछा और यात्रियों से इस घटना की रिकार्डिंग न करने की अपील की। लैंडिंग के तुरंत बाद यात्रियों व क्रू सदस्यों ने भी शिकायतें दर्ज कराईं, जिसने उड़ानों की सुरक्षा और एअर इंडिया व डीजीसीए की निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। फिलहाल डीजीसीए और एएआइबी मामले की जांच कर रहे हैं और आरोपित पायलट को रोस्टर से हटा दिया गया है।

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI
आंचलिक कार्यालयः स्टार हाउस, एससीओ 76-82, सेक्टर 31-ए, चंडीगढ़-160030, दूरभाष 0172-2671517, 2671518, मो. 9464528861, 9468091053, ई-मेलः chandigarh.ard@bankofindia.bank.in

ई-नीलामी बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

ऋणियों एवं गारंटरों को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के प्रावधानों को साथ पढ़ते हुए नियम 8(6) के अधीन 30 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन)नियम, 2002 की अचल संपत्तियों के अचल संपत्तियों के लिए 8(6) के प्रावधानों को साथ पढ़ते हुए प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के अधीन अचल/चल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
आम जनता तथा विशेष तौर पर ऋणियों एवं गारंटरों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सिक्योर्ड क्रेडिटर को मोर्टगेज्ड/हाईपोथिकेट्ड/प्लेज्ड/प्रभारित निम्न वर्णित अचल/चल संपत्तियों का सिक्योर्ड क्रेडिटर के तौर पर बैंक ऑफ इंडिया की निम्न वर्णित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा संरचनात्मक/भौतिक कब्जा ग्रहण किया गया है, जिसकी ऋणियों एवं गारंटरों से बैंक ऑफ इंडिया, सिक्योर्ड क्रेडिटर के नियत संबंधित खाते के अंतर्गत निम्न वर्णित राशि की वसूली के लिए 25.09.2026 को "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" एवं "जैसी भी है जो भी है" आधार पर बिक्री की जाएगी। आरक्षित कीमत एवं जमा धरोहर राशि प्रत्येक खाते/संपत्तियों के अंतर्गत वर्णित की गई है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री वेब पोर्टल BAANKNET: https://baanknet.com पर प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

शाखा का नाम/शेष राशि जमा खाता सं.	खाता/ऋणी/गारंटर/मोर्टगेजर का नाम	संपत्ति के विवरण	मांग सूचना के अनुसार राशि / मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि एवं प्रकार	आरक्षित कीमत / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	प्राधिकृत अधिकारी का नाम	ई-नीलामी की तिथि/समय
बी/ओ पावंटा साहिब दूरभाषः 0170-4223594 (शेष राशि जमा खाता सं. 792490200000033, आईएफएससी कोडः बीकेआईडी0007924, खाते का नामः डिसबर्समेंट)	(1) मेसर्स सुरजीत सिंह एण्ड सन्स (प्रोपराईटर एवं गारंटर- श्री सुरजीत सिंह), पंजीकृत पताः- मकान सं. 173, वार्ड सं. 7, मेन बाजार, पावंटा साहिब, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश-173205, (2) श्री सुरजीत सिंह पुत्र वीर सिंह (प्रोपराईटर-मेसर्स सुरजीत सिंह एण्ड सन्स), रिहायशी पताः- मकान सं. 173, वार्ड सं. 7, मेन बाजार, पावंटा साहिब, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश-173205, (3) श्री जसमीत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह (गारंटर), रिहायशी पताः- मकान सं. 173, वार्ड सं. 7, मेन बाजार, पावंटा साहिब, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश-173205	मौजा/मोहाल उपसंपदा, पावंटा साहिब, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश माप प्लाट क्षेत्र 123.07 वर्ग मीटर में स्थित खाता खतौनी सं. 37/68, खसरा सं. 993, 994, 995, 996, 997 एवं 998, किता 6, वार्ड सं. 7 में सम्मिलित भूमि एवं भवन की पंजीकृत मोर्टगेज पर स्थित मौजूदा और आगाम दोनों निर्माण के साथ संपत्ति के सभी भाग एवं पार्सल, वर्ष 2022-23 के लिए जमाबंदी के अनुसार श्री सुरजीत सिंह पुत्र श्री वीर सिंह द्वारा स्वामित्व। संपत्ति की चौहद्दीः-पूर्वः श्री विक्की की संपत्ति, पश्चिमः एमसी गली, उत्तरः खुला प्लाट, दक्षिणः श्री बलवंत सिंह का भवन।	रु. 2,05,25,706.83 जमा उस पर ब्याज एवं अन्य प्रभार / 23.04.2026 / 02.07.2026 प्रतीकात्मक कब्जा	Rs. 1,79,00,000/- / Rs. 17,90,000/- / Rs. 1,00,000/-	श्रीमती सीमा मो. 7870315807 श्री साहिल गुप्ता मो. 9416549798	25.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे से सायं 05.00 बजे
बी/ओ दि माल शिमला दूरभाषः 0177-2805831 (शेष राशि जमा खाता सं. 790290200000033, आईएफएससी कोडः बीकेआईडी0007902, खाते का नामः डिसबर्समेंट)	(1) श्री प्रदीप वर्मा पुत्र श्री कृष्ण लाल वर्मा, निवासी शंकर निवास, विकास नगर, कसुम्पटी, जिला शिमला (हिप्र.)-171009, (2) श्रीमती बेगु देवी पत्नी श्री धनी राम निवास, हिमफेड बिल्डिंग के नीचे, बीसीएस न्यू शिमला, जिला शिमला (हिप्र.)-171009	श्री प्रदीप वर्मा पुत्र श्री कृष्ण लाल वर्मा के नाम में मोहाल पटेओग पीएस न्यू शिमला, जिला शिमला (हिप्र.)-171009 में स्थित खाता खतौनी सं. 286/608 से 609, किते माप 306-55 वर्ग मीटर में सम्मिलित भमि मे से भूमि का भाग अर्थात 1/2 हिस्सा माप 153.28 वर्ग मीटर पर निर्मित भवन पर खसरा सं. 3833 माप 95-37 वर्ग मीटर में सम्मिलित भूमि में आने वाले भवन केs850 वर्ग फीट के कवर्ड एरिया वाले धनी राम निवास के नाम से जाने जाते भवन के तीसरे तल पर रिहायशी संपत्ति बियरिंग फ्लैट की मोर्टगेज। चौहद्दीः-उत्तरः प्रीतम निवास, दक्षिणः स्टेयरकेस तब संत राम निवास, पूर्वः बेगु देवी के कब्जे में तीसरे तल का शेष भाग, पश्चिमः सोनू निवास।	रु. 16,93,554.16 जमा उस पर ब्याज एवं अन्य प्रभार / 11.09.2018 / 19.11.2018 प्रतीकात्मक कब्जा	Rs. 34,00,000/- / Rs. 3,40,000/- / Rs. 20,000/-	श्री संजीव कुमार महेश्वरी (सीएम) मो.9559005610 श्री सतिंदर सिंह (एसबीएम), मो. 9816707684	25.09.2026 को प्रातः 11.00 बज से साढ़े 05.00 बजे

ई-नीलामी की नियम एवं शर्तेः-बिक्री की ओर विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाईट अर्थात https://www.bankofindia.bank.in/ https://baanknet.com में प्रदान किए गए लिंक पर पधारें। उक्त वर्णित शाखा के साथ पूर्व नियुक्ति के साथ निरीक्षण की तिथि 17.08.2026 से 19.08.2026 को अप. 01.00 बजे सायं 04.00 बजे के मध्य है।
आगामी विवरण हेतु कृपया श्री अश्वनी कुमार नेगी (डीजेडएम) मो. 8591283765, श्री मुकेश कुमार नेगी (मुख्य प्रबंधक) मो. 8437737737 एवं चरणप्रीत कौर (वरिष्ठ प्रबंधक) मो. 9478402121 से संपर्क करें।

दिनांकः 12.08.2026 स्थानः चंडीगढ़ प्राधिकृत अधिकारी

SBI भारतीय स्टेट बैंक
खुदरा ऋण विभाग, स्थानीय प्रधान कार्यालय
पाँचवीं मंजिल, गांधी मैदान, पटना-800001
ईमेल : dgmretail.lhopat@sbi.co.in

पटना मंडल हेतु सत्यापन एजेंसियों को सूचीबद्ध करने के लिए निविदा का आमंत्रण

भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना अपने मंडल में प्राप्त ऋण प्रस्तावों के आवेदकों के निवास/कार्यालय के पते और फोन का सत्यापन करने सहित उनकी पहचान एवं आय जैसे कि वेतन पर्ची, फार्म 16, आयकर रिटर्न आदि की जाँच/सत्यापन करने के लिए सत्यापन एजेंसियों को सूचीबद्ध करना चाहता है। इच्छुक सत्यापन एजेंसियां, बैंक की निविदा साईट https://www.tenderwizard.com/SBIETENDER के माध्यम से दिनांक 11.08.2026 से 07.09.2026 को शाम 06 बजे तक निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। ऑफर दस्तावेज बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in पर Procurement News के अंतर्गत भी उपलब्ध रहेगा। एजेंसियों को सूचित किया जाता है कि वह किसी भी अनुवर्ती परिवर्तन/शुद्धि पत्र/परिवर्तन आदि से अवगत रहने के लिए बैंक की वेबसाइट देखते रहें, क्योंकि इनके लिए आगे कोई प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की जाएगी।
स्थान : पटना, दिनांक : 11.08.2026 उप महाप्रबंधक (खुदरा ऋण)

राइट्स लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
शिखर, प्लाट नं. 1, सेक्टर-29, गुड़गांव-122001

नियमित आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए योग्य पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

विज्ञापन संख्या	पदनाम	पदों की संख्या	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि
आरजी/13/26	उप महाप्रबंधक (संयुक्त कार्यक्रम प्रबंधक)	01	24.08.2026
आरजी/14/26	वरिष्ठ प्रबंधक (साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ)	01	
आरजी/15/26	प्रबंधक (एपीआई डेवलपर)	01	
आरजी/12(अ)/26	संयुक्त महाप्रबंधक (जेजिएम)/कंपनी सचिव	01	02.09.2026
आरजी/12(ब)/26	उप महाप्रबंधक (डीजिएम)/कंपनी सचिव		

विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी राइट्स लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट www.rites.com के कैरियर अनुभाग में उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
कसुम्पटी शाखा- एसडीए कॉम्पलेक्स, कसुम्पटी शिमला, हि.प्र.-171009, मो. 92832-85139
ई-मेलः extsim@bankofbaroda.bank.in

प्रथम सूचना

सेवा में,
लोकेश कुमार पुत्र स्व. श्री भरत सिंह सेन, पता-I:- हंसरीता निवास, जीवणू कॉलोनी, परीमहल, कसुम्पटी, शिमला, हिमाचल प्रदेश - 171009
पता-II:- तहसील जोगिंदरनगर, दराहल, मंडी, हिप्र.- 176120
महोदय/महोदया,
विषयः- आपका गोल्ड लोन खाता संख्या 98360600000998
हम आपके उपर्युक्त ऋण खाते का संदर्भ दे रहे हैं, जो 18.11.2025 से अतिदेय (ओवरड्यू) है। इसलिए, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप इस सूचना की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर हमें 29.07.2026 तक की देय राशि 71,171/- (इकहत्तर हजार एक सौ इकहत्तर रुपये) एवं उस पर 10.75% प्रति वर्ष की दर से भुगतान की तिथि तक का आगे का ब्याज सहित भुगतान करें। यदि आप उपरोक्त मांग का पालन करने में विफल रहते हैं, तो हम अन्य प्रतिभूतियों को लागू करने और/या हमारे पास उपलब्ध सभी कानूनी कदमों और उपायों को अपनाने के अपने अधिकारों पर बिना कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले, आपके द्वारा हमारे पास गिरवी रखे गए सोने को सार्वजनिक नीलामी या निजी समझौते द्वारा बेच देंगे। और यदि बिक्री से प्राप्त राशि आपके ऊपर देय ऋण की पूरी राशि की वसूली के लिए पर्याप्त नहीं होती है, तो हम उसकी वसूली के लिए ऐसे आगे के कदम उठाएंगे जिसके हम आपके द्वारा निष्पादित दस्तावेजों के तहत तथा कानूनन हकदार हैं।

शाखा प्रबंधक

pnb पंजाब नैशनल बैंक ....भरोसे का प्रतीक
एआरएमबी मोहाली, एससीओ 48, द्वितीय तल, फेज 2, एसएएस नगर, मोहाली (पंजाब), मो. 93045-09813, ई-मेलःcs8312@pnb.bank.in

ई-नीलामी/बिक्री सूचना

चल/अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना
सरफेसी अधिनियम 2002 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6 एवं 8 के साथ पढ़े गए नियम 6(2) एवं 8(6) के अधीन आम जनता को 15 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों को साथ पढ़ते हुए प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के अधीन अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।
आम जनता तथा विशेष तौर पर ऋणियों व गारंटरों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सिक्योर्ड क्रेडिटर को मोर्टगेज्ड/प्रभारित निम्न वर्णित चल/अचल संपत्तियों का बैंक/सिक्योर्ड क्रेडिटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा संरचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा ग्रहण किया गया है, जिसकी संबंधित ऋणियों एवं गारंटरों से बैंक/सिक्योर्ड क्रेडिटर की नियत देय राशि की वसूली हेतु निम्न वर्णित तालिका में वर्णित अनुसार तिथि पर "जैसी है जहां है", "ज